म.प्र. राज्य रोजगार गारंटी परिषद्

(पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधीन पंजीकृत संस्था)
59, द्वितीय तल, ''सी'' ब्लॉक नर्मदा भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.)

क्रमांक 849 /सा.अंके./एनआर–06/13, भोपाल, दिनांक : 30/01/2013

प्रति

1. जिला कार्यक्रम समन्वयक/कलेक्टर
   जिला – समस्त
2. अति. जिला कार्यक्रम समन्वयक/मुख्य कार्यपालन अधिकारी
   जिला पंचायत – समस्त
   मध्यप्रदेश।

विषय :– भौतिक सत्यापन कार्य हेतु जिला नोडल अधिकारियों की बैठक।

विषयांतर्गत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं के भौतिक सत्यापन कार्य की प्रगति के संबंध में समीक्षा हेतु **दिनांक 5 एवं 6 फरवरी 2013 को परिषद मुख्यालय भोपाल में बैठक का आयोजन किया गया है।** बैठक में भौतिक सत्यापन कार्य हेतु ''नामांकित जिला नोडल अधिकारी'' द्वारा प्रतिभागिता की जानी है। **नोडल अधिकारी को अपने साथ भौतिक सत्यापन कार्य का जनपदवार योजनावार विश्लेषण, भौतिक सत्यापन से उपजे महत्वपूर्ण तथ्य, मीडिया कव्हरेज का प्रमाण एवं फोटोग्राफ सहित बैठक में उपस्थित होने हेतु निर्देशित करें।**

बैठक में निम्न विवरण अनुसार संभाग अंतर्गत जिलों द्वारा प्रतिभागिता की जानी है :–

क्र.	संभाग	दिनांक	समय	स्थान
1.	चंबल,ग्वालियर, उज्जैन,	5 फरवरी 2013	प्रातः 10:30 से 2:00	परिषद का पर्यावास भवन स्थित मीटिंग हॉल
2.	इंदौर एवं भोपाल	5 फरवरी 2013	अपरान्ह 2:00 से 5:30	
3.	सागर एवं जबलपुर	6 फरवरी 2013	प्रातः 10:30 से 2:00	
4.	नर्मदापुरम, रीवा, शहडोल	6 फरवरी 2013	अपरान्ह 2:00 से 5:30	

2. राज्य स्तर पर भौतिक सत्यापन कार्य की स्थिति ज्ञात करने हेतु निम्न प्रारूप अनुसार जनपदों से जानकारी संकलित कर दिनांक 31 जनवरी 2013 तक समेकित जानकारी परिषद मुख्यालय को ईमेल (dsa.nregs@gmail.com) के माध्यम से अनिवार्यतः प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें।

क्र	जनपद पंचायत का नाम	सत्यापनकर्ताओं की संख्या	ग्राम भ्रमण की अवधि दिनांक.. ....से.....तक	ग्राम सभा की अवधि दिनांक.. ....से .....तक	भुगतान योग्य राशि	रिमार्क
1	2	3	4	5	6	7

3. भौतिक सत्यापन का कार्य पूर्णता की ओर है। इस कार्य की मॉनिटरिंग हेतु वेब पोर्टल www.socialaudit.nic.in निर्मित किया गया है। किन्तु यह देखने में आ रहा है कि पोर्टल में जानकारी भरने की गति अत्यंत धीमी है। **अधिनस्थ जनपदों को दिनांक 10 फरवरी 2013 तक भौतिक सत्यापन की सौ प्रतिशत जानकारी पोर्टल में फीड करने हेतु निर्देशित करें।**

(डॉ. रवीन्द्र पस्तोर)
आयुक्त
म.प्र.राज्य रोजगार गारंटी परिषद
भोपाल

पृ. क्रमांक 850 एनआर–06 / सा.अं. / 2013 भोपाल, दिनांक 30 / 01 / 2013

प्रतिलिपिः–

1. उपायुक्त (विकास), संभाग – समस्त की ओर सूचनार्थ।
2. संभागीय प्रबंधन (मनरेगा) – समस्त की ओर सूचनार्थ।
3. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत समस्त की ओर सूचनार्थ।

आयुक्त
म.प्र.राज्य रोजगार गारंटी परिषद
भोपाल